भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 460
गुरूवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु के लिए पर्यटन योजनाएं

460 श्री वाइको:
श्री एम. शनमुगम:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु राज्य, विशेष रूप से तेनकासी, विरुधुनगर, तूतुकुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, तिरुचि, तंजावुर, तिरुवरुर और मईलादुथुरई जिलों, जहां समृद्ध और प्रचुर पर्यटन स्थल और इको पर्यटन हैं, के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) पर्यटन अवसंरचना में सुधार के लिए संधारणीयता और जबावदेही आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पर्यटन विकास की प्रचुर संभावनाओं को देखते हुए राज्य के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत अधिक धनराशि आवंटित की जाएगी, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' नामक केंद्रीय क्षेत्र की अपनी जारी योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के उनके प्रयासों में सहायता करता है। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु राज्य में वर्ष 2016-17 में तटवर्ती परिपथ थीम के तहत 73.13 करोड़ रु. की राशि से एक परियोजना अर्थात् 'चेन्नई - मामल्लपुरम - रामेश्वरम - मनपदु - कन्याकुमारी का विकास' को स्वीकृति दे दी है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा जिम्मेदार पर्यटन स्थलों का विकास' के उद्देश्य से हाल ही में स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन

2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। इस योजना में विभिन्न परियोजनाओं और पहलों में स्थायी तथा जिम्मेदार पर्यटन कार्यपद्धतियों के कार्यान्वयन और स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाए जाने को प्रोत्साहित करने संबंधी रूपरेखा दी गई है। राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के परामर्श से और योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार मंत्रालय ने एसडी 2.0 के अंतर्गत विकास हेतु तमिलनाडु में 'मामल्लपुरम' और 'नीलगिरी' सहित देश के 32 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 57 गंतव्यों को तदनुसार अधिसूचित किया है। स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत तमिलनाडु राज्य में 30.02 करोड़ रु. की राशि से 'शोर टेंपल मामल्लपुरम में इमर्सिव एक्सपीरियंस' नामक परियोजना को स्वीकृति दी गई है।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' नामक उप-योजना के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं जिसके तहत पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु राज्य में संस्कृति एवं विरासत गंतव्य श्रेणी में तंजावूर और आध्यात्मिक गंतव्य श्रेणी में 'रामेश्वरम द्वीप' सहित विकास हेतु 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है।

*****